कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 05.01.2025

विषय:- किराने की दुकान के आड़ प्रतिबंधित मांझा बेचने वाला अभियुक्त थाना रामनगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार, 10 कि0ग्रा0 प्रतिबंधित मांझा बरामद।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देश पर अपराध व अपराधियों / प्रतिबन्धित चाइनीज मांझा के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व प्रभारी निरीक्षक रामनगर के नेतृत्व दिनांक 05/01/2025 को उ0नि0 श्री गौरव कुमार सिंह, उ0नि0 श्री अंशू पाण्डेय, हे0का0 राकेश कुमार सिंह, का0 गंगा प्रसाद वर्मा के देखभाल क्षेत्र चौक चौराहा रामनगर पर यातायात व्यवस्था व संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चेकिंग में मामूर थे कि जरिये मुखबिर खास सूचना मिली कि मच्छरहट्टा रामनगर में किराने की दुकान में अवैध चाइनीज मांझा बेचा जा रहा है। यदि जल्दी किया जाय तो पकड़ा जा सकता है। मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर अभियुक्त अनुज कुमार सिंह पुत्र रविशंकर सिंह मौर्य निवासी मच्छरहट्टा थाना रामनगर वाराणसी के पास से 10 कि0ग्रा0 प्रतिबन्धित अवैध चाइनीज मांझा बरामद कर समय 13.45 बजे हिरासत पुलिस लेकर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-0007/2025 धारा 293/125/223 बी0एन0एस0 व 5 / 15 पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 पंजीकृत किया गया

गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान- दिनांक 05/01/202, मच्छरहट्टा रामनगर थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

अभियुक्त का विवरण– अनुज कुमार सिंह पुत्र रविशंकर सिंह मौर्य निवासी मच्छरहट्टा थाना रामनगर वाराणसी उम्र 18 वर्ष।

अभियुक्त से पूछताछ का विवरण- अनुज कुमार सिंह पुत्र रविशंकर सिंह मौर्य निवासी मच्छरहट्टा थाना रामनगर वाराणसी पूछने पर बता रहा है कि मच्छरहट्टा रामनगर में मेरी किराने की दुकान है उसी दुकान की आड़ में मैं चाइनीज मंझा बेचता हूं कि आज आप लोगों ने पकड़ लिया साहब मुझसे गलती हो गयी।

बरामदगी का विवरण- प्रतिबन्धित चाइनीज मांझा वजन 10 किलोग्राम बरामद हुआ।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण –

1. प्रभारी निरीक्षक श्री राजू सिंह थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री गौरव कुमार सिंह चौकी प्रभारी कस्बा थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी ।
3. उ0नि0 श्री अंशू पाण्डेय थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. हे0का0 राकेश कुमार सिंह थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी ।
5. का0 गंगा प्रसाद वर्मा थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।